**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**22.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे**

**नागर विमानन –उड़ान**

नागर विमानन मंत्रालय ने कहा है कि क्षेत्रीय संपर्क योजना – उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) ने नौ वर्षों में तीन लाख 23 हजार उड़ानों के माध्यम से एक करोड़ 56 लाख से अधिक यात्रियों को सुविधा प्रदान की है। राष्ट्रीय नागर विमानन नीति के तहत 21 अक्तूबर 2016 को उड़ान योजना की शुरूआत की गई थी। योजना की 9वीं वर्षगांठ के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, नागर विमानन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उड़ान एक परिवर्तनकारी पहल रही है जिसका उद्देश्य आम नागरिकों के लिए हवाई यात्रा को किफ़ायती और सुलभ बनाना है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सिरमौर जिला के कोटला बड़ोग में बनने वाले नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। शिमला में इस पुनर्वास केंद्र के निर्माण को लेकर आयोजित एक बैठक में उन्होने कहा कि इस केंद्र में कुल सौ बिस्तरों की क्षमता होगी और चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए चिकित्सकों व अन्य स्टाफ की तैनाती भी की जाएगी।

**वीरता प्रशस्तिपत्र**

केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर सहित विभिन्न अभियानों के दौरान अदम्य साहसिक कार्यों के लिए रक्षा कर्मियों को वीरता पुरस्कार प्रशस्ति पत्र प्रदान करने लिए राजपत्र अधिसूचना जारी की है। राजपत्र में शामिल प्रशस्ति पत्र वायु सेना और थल सेना के कर्मियों के लिए हैं। इन प्रशस्ति पत्रों में कर्नल कोषांक लांबा और लेफ्टिनेंट कर्नल सुशील बिष्ट जैसे वीरों के नाम शामिल हैं। इससे पहले, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सशस्त्रबलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कर्मियों के लिए 127 वीरता पुरस्कारों और 40 विशिष्ट सेवा पुरस्कारों को मंजूरी दी थी।

**दुर्घटनाएं**

शिमला जिला के रोहड़ू के गांवणा गांव में देर शाम आगजनी की एक घटना में दो मकान पूरी तरह जल गए। हमारे ज़िला संवाद्दाता के अनुसार इस घटना में लाखों रूपये के नुकसान का अनुमान है और आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर नुकसान का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

इधर चंबा जिला के जरासू जोत में भेड़ पालकों पर बर्फबारी आफत बन कर सामने आई है। हमारे जिला संवाद्दाता के अनुसार यहां हिमखंड गिरने से करीब अढ़ाई सौ भेड़ बकरियों की मौत हो गई हैं। जबकि कांगड़ा जिला के दोनो भेड़पालक सुरक्षित है। घटना की सूचना मिलते ही जिला की नयाग्रां पंचायत से एक रैस्क्यू टीम जरासू जोत के लिए रवाना हुई जिसमें बची हुई भेड़ बकरियों सहित दोनो भेड़ पालकों को सुरक्षित होली तक पहुंचाया गया।

**गोवर्धन पूजा**

आज देश व प्रदेश में गोवर्धन पूजा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह भगवान कृष्ण की वर्षा के देवता इंद्र पर विजय के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। एक अनुष्ठान के रूप में, घर के प्रवेश द्वार के बाहर गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाया जाता है और लोग इस दिन गौ माता की पूजा करते हैं।

**अन्न कूट पर्व**

इस बीच कुल्लू में आज अन्नकूट पर्व पारम्परिक रिती रिवाजों के साथ मनाया जाएगा। अन्य स्थानो पर इस पर्व को गोवर्धन पूजा के रूप में मनाया जाता है।

***दिवाली का त्योहार धूमधाम से खत्म होने के पश्चात अन्नकूट का पर्व आज कुल्लू के सुल्तानपुर स्थित भगवान रघुनाथ जी के मंदिर में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। अन्य स्थानों पर जहां इस पर्व को गोवर्धन पूजा के रूप में मनाया जाता है वही कुल्लू में इसे अन्नकूट पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस दिन नई फसल को पकाया जाता है और भगवान रघुनाथ जी को पके हुए चावलों के ढेर पर बिठाकर उनकी पूजा अर्चना कर भोग लगाया जाएगा। बाद में पके हुए चावलों के भोग का भंडारा लगाकर मंदिर में आए लोगों को प्रसाद के रूप में खिलाया जाएगा। आकाशवाणी के लिए कुल्लू से आशीष शर्मा ....***

**गिरी पार दिवाली**

इधर सिरमौर जिले के दुर्गम गिरीपार क्षेत्र में बीते कल दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए आज सुबह करीब 4 बजे मंदिर परिसर से मशाल यात्रा शुरू हुई जो पूरी गांव की परिक्रमा करती है। खास बात ये है कि इस मशाल यात्रा में पुरूष वर्ग ही हिस्सा लेता है। गौरतलब है कि सदियों से चली आ रही परम्परा को निभाते हुए गिरीपार क्षेत्र के लोग मशाल यात्रा में देवी–देवताओं से सुख समृद्धि की कामना करते हैं। मशाल यात्रा के समापन के बाद मंदिर परिसर में सिया गायन किया जाता है जिसके बाद करीब 3 दिनों तक क्षेत्र में दीवाली पर्व मनाने की परम्परा जारी रहती है।

**दिवाली में हमारे मशाल जलाये जाते हैं। अमावस की रात को सुबह के समय मां ब्रिजेश्वरी के प्रांगण से लेकर मशाल जलाये जाते हैं। उसके बाद वापिस जाते हैं और वहां पर सिया लगाते हैं और उसके बाद हमारा त्यौहार होता है।**

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई भागों में आज बादल छाये हुए हैं। बीती रात प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हुए हल्के हिमपात व कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश से तापमान में गिरावट के चलते सुबह शाम ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान ऊंची चोटियों पर हिमपात और कुछ जिलों में हल्की वर्षा की संभावना जताई है।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है दोपहर 3 बजे। नमस्कार।